सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 301 | इंदौर, मंगलवार 19 मई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

● सुप्रीम कोर्ट ने आदेश बदलने से किया इनकार

## सभी आवारा कुत्तों को आश्रय स्थल भेजने का आदेश बरकरार



**नई दिल्ली,(एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को लेकर अपना पुराना आदेश वापस लेने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सभी याचिकाओं को खारिज करते हुए आवारा कुत्तों को सार्वजनिक स्थलों से हटाकर आश्रय स्थलों में स्थानांतरित करने का आदेश बरकरार रखा है। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई की। पीठ ने अपने आदेश में ये भी कहा कि अब आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वाले लोगों यानी डॉग फीडर्स और डॉग लवर्स की जिम्मेदारी भी तय होगी। अगर कोई कुत्ता किसी व्यक्ति को काटता है, तो ऐसे मामलों में जिम्मेदारी सिर्फ प्रशासन की ही नहीं बल्कि उन लोगों की भी मानी जाएगी जो कुत्तों की देखभाल या फीडिंग में शामिल हैं।

गृह मंत्रालय का फैसला

## नागरिकता नियम में हुआ संशोधन, पाकिस्तान समेत इन देशों के आवेदकों के लिए नया नियम लागू

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** गृह मंत्रालय (MHA) ने नागरिकता नियम, 2009 में अहम संशोधन करते हुए एक नई अधिसूचना जारी की है। इस संशोधन के तहत पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आने वाले नागरिकता आवेदकों के लिए पासपोर्ट से जुड़ी जानकारी देना अब अनिवार्य कर दिया गया है। सरकार के इस कदम को नागरिकता प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सख्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नए प्रावधानों के अनुसार, नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले इन तीन देशों के आवेदकों को अब अपने पासपोर्ट से संबंधित विस्तृत जानकारी देना जरूरी होगा। इसमें पहचान, यात्रा इतिहास और अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन शामिल होगा। गृह मंत्रालय का कहना है कि इस बदलाव का उद्देश्य नागरिकता प्रक्रिया में किसी भी तरह की गड़बड़ी या फर्जीवाड़े को रोकना है। इसमें यह स्पष्ट करना होगा कि उनके पास संबंधित देशों का वैध या समाप्त पासपोर्ट है या नहीं। यदि आवेदक के पास ऐसा पासपोर्ट है, तो उन्हें निम्न जानकारी देना जरूरी होगा : पासपोर्ट नंबर, जारी होने की तारीख और स्थान, समाप्ति तिथि।

सीएम मोहन यादव बोले-

# कदाचार पर जीरो टॉलरेंस, गरिमा और अनुशासन के साथ काम करें पदाधिकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को अटल बिहारी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में निगम, मंडल, बोर्ड, आयोग और प्राधिकरणों के नवनियुक्त पदाधिकारियों को सुशासन और प्रशासन के अहम मंत्र दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाषा में सौम्यता और निर्णय में दृढ़ता होना बेहद जरूरी है। आपकी नियुक्ति केवल पद नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश की सेवा का सुनहरा अवसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीति और प्रशासन का एकमात्र उद्देश्य जनकल्याण होना चाहिए। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि राजनीतिक जीवन में नैतिकता और शुचिता बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी पूरी निष्ठा, प्रशासनिक दक्षता और सेवा भावना के साथ अपने दायित्व निभाएं, क्योंकि जनता के बीच सरकार की साख उनके काम से ही बनेगी।

### सहयोगियों का चयन सोच-समझकर करें

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से कहा कि वे पूरी गरिमा,




अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने सलाह दी कि सहयोगियों का चयन सोच-समझकर करें और अपने कार्य व्यवहार में सादगी व संतुलन बनाए रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनावश्यक प्रचार-प्रसार और गैरजरूरी गतिविधियों से दूरी बनाए रखना भी प्रशासनिक शुचिता का महत्वपूर्ण हिस्सा है। डॉ. यादव ने स्पष्ट कहा कि सरकार की कदाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति है। इसलिए किसी भी संस्थान में भ्रष्टाचार, अनियमितता या अनुचित आचरण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पदाधिकारियों को ऐसे लोगों और गतिविधियों से दूर रहने की भी सलाह दी, जिनसे उनकी व्यक्तिगत और संस्थागत गरिमा प्रभावित हो सकती है।

### आय के स्रोत विकसित करना आज की जरूरत

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और अटल बिहारी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. राजीव दीक्षित भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों को विभागीय नीतियों और नियमों का गहराई से अध्ययन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग, टीम भावना और आपसी समन्वय से ही संस्थानों को प्रभावी बनाया जा सकता है। डॉ. यादव ने वित्तीय अनुशासन पर जोर देते हुए कहा कि फिजूलखर्ची पर नियंत्रण और आय के नए स्रोत विकसित करना समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आत्मानुशासन से ही आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है।

### सरकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाए

मुख्यमंत्री ने डिजिटल गवर्नेंस को सुशासन का मजबूत आधार बताते हुए कहा कि सभी संस्थानों में तकनीक आधारित निगरानी, डाटा आधारित निर्णय और पारदर्शी सेवा वितरण व्यवस्था को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने पदाधिकारियों से सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाने की अपील भी की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार की कदाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति है। इसलिए पदाधिकारी सोच-समझकर अपने सहयोगियों का चयन करें और ऐसे लोगों से दूरी बनाए रखें, जिनसे उनकी गरिमा प्रभावित हो सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुलभता और संवेदनशीलता हर पदाधिकारी के कार्यकाल का केंद्र होना चाहिए। आम नागरिक को यह महसूस होना चाहिए कि उसकी समस्याएं सुनने और समाधान देने वाला कोई अपना वहां मौजूद है।

अस्पतालों में लू और डिहाइड्रेशन के मरीज बढ़े

# इंदौर में 44.3 डिग्री पहुंचा टेम्परेचर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। दो दिनों तक तापमान में गिरावट के बाद गर्मी ने फिर तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। तापमान कम होने के बावजूद उमस और तपिश बनी हुई थी, सोमवार को तापमान 44.3 (+4) डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। यह सामान्य से 4 डिग्री अधिक है।



मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, आने वाले दिनों में गर्मी का असर और बढ़ सकता है। गर्म हवाओं के थपेड़ों से लोग पसीने से तरबतर रहे। छुट्टी का दिन होने के बावजूद घरों में भी गर्मी से राहत नहीं मिली। हालात ऐसे रहे कि पंखों का असर भी कम नजर आया। तेज गर्मी और धूप के कारण लू और डिहाइड्रेशन के मामलों में भी बढ़ोतरी होने लगी है।

सरकारी एमवायएच के सुपरिटेंडेंट डॉ. अशोक यादव के मुताबिक, ओपीडी में डिहाइड्रेशन, शरीर दर्द और तेज बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ी है। उन्होंने बताया कि तापमान बढ़ने से लोगों को चक्कर आना, उल्टी और सिरदर्द जैसी समस्याएं हो रही हैं।

सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने बताया कि ओपीडी में डिहाइड्रेशन के मामलों के अलावा जिले में स्थापित 40 हीट स्ट्रोक क्लिनिक बनाए गए हैं। जिला स्तर के प्रत्येक अस्पताल में गर्मी से संबंधित आपात स्थितियों के लिए विशेष वार्ड संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। डॉक्टरों का कहना है कि पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चे और 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। वहीं अस्थमा, हृदय रोग और डायबिटीज जैसी पहले से मौजूद बीमारियों से पीड़ित लोगों में भी खतरा बढ़ गया है। लोगों को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे के बीच सीधे धूप में निकलने से बचने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंपों की मरम्मत और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं ताकि डिहाइड्रेशन के बढ़ते मामलों को रोका जा सके। नागरिकों से अपील की गई है कि यदि उन्हें अत्यधिक कमजोरी, मुंह सूखना जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सकीय सहायता लें।

### प्रशासनिक कार्यप्रणाली में अभिनव पहल

# अब सोमवार की टीएल बैठक हुई वर्चुअली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनज़र दिए गए निर्देशों के पालन में इंदौर जिला प्रशासन ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली में एक अभिनव पहल की है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने प्रति सोमवार आयोजित होने वाली समय-सीमा पत्रों के निराकरण संबंधी टीएल बैठक को अब वर्चुअली माध्यम से आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में सोमवार को पहली बार टीएल बैठक ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्थित विभागों के अधिकारियों को छोड़कर अन्य सभी विभागों के अधिकारी वर्चुअली रूप से शामिल हुए। बैठक में इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, रोशन राय, रिंकेश वैश्य भी शामिल रहे।**

कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि इस व्यवस्था का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों को अधिक सुगम, समयबद्ध एवं प्रभावी बनाना है, साथ ही अनावश्यक आवागमन को कम कर समय और संसाधनों की बचत सुनिश्चित करना भी है।



उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रशासन लगातार यह प्रयास कर रहा है कि लोगों की अनावश्यक आवाजाही कम हो, लेकिन प्रशासनिक कार्यों पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव भी न पड़े। उन्होंने कहा कि आगे भी केवल अति आवश्यक विषयों पर ही अधिकारियों को भौतिक रूप से बुलाया जाएगा।

बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, मिलावटखोरी विरोधी अभियान, फायर सेफ्टी एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई। जिन विभागों में प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई, संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। बैठक में राजस्व प्रकरणों की समीक्षा भी की गई। नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन जैसे मामलों के समय-सीमा में निराकरण पर जोर देते हुए कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि विलंब के मामलों में जिम्मेदार अधिकारियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि कुछ सीमांकन प्रकरणों में देरी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर पेनल्टी लगाई गई है तथा उसकी राशि प्रभावित आवेदकों को प्रदान की जाएगी। इसी तरह कलेक्टर श्री वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन के तहत लंबित पांच प्रकरणों के निराकरण की भी रैंडम समीक्षा की। इसके अतिरिक्त हिट एंड रन प्रकरणों में लंबित रिपोर्टों को लेकर भी अधिकारियों को एक सप्ताह में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री वर्मा ने स्पष्ट किया कि जहां भी लापरवाही पाई जाएगी, वहां कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### प्रारंभ हुआ जनभागीदारी सप्ताह

# नागरिकों को लाभान्वित करने के लिए लगेंगे संतुष्टि शिविर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार की ओर से अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के माध्यम से जनजातीय बहुल गांवों में 18 से 25 मई तक जनभागीदारीः सबसे दूर, सबसे पहले अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का आज शुभारंभ किया गया।

जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने और शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के लिये 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान के तहत जिले में आज से 25 मई 2026 तक लाभार्थी संतुष्टि शिविर' आयोजित किये जायेंगे। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पंवार, रिंकेश वैश्य रोशन राय उपस्थित रहे। कलेक्टर शिवम वर्मा ने भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं म.प्र. शासन के निर्देशानुसार जिले के जनजातीय समुदायों को शासन की योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभांवित करने के लिये सभी विभिन्न विभागीय जिला अधिकारियों को निर्देशित किया हैं। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर पहुंच बनाते हुए सेवा संतुष्टि सुनिश्चित करना, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना तथा आजीविका से जुड़े अवसरों को प्रोत्साहित करना हैं। इस अभियान की थीम 'जनभागीदारीः सबसे दूर-सबसे पहले' रखी गई हैं। इस अभियान के तहत इन्दौर जिले के चयनित 56 ग्रामों में स्थित आदि सेवा केन्द्रों में शिविर आयोजित कर जनजातीय क्षेत्रों में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न विभागों के समन्वय से योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। सहायक आयुक्त एवं परियोजना अधिकारी, जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि इन शिविरों में एक ही स्थान पर आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जनधन खाता, राशन कार्ड, पी.एम. जीवन ज्योति बीमा योजना, पी.एम. किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, पी.एम. सुरक्षित मातृत्व अभियान, सिकल सेल मिशन, पी.एम. उज्वला योजना, वनाधिकार पट्टा सहित अन्य योजनाओं से लाभावित किया जायेगा। कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से चलाने के लिये 07 दिवसीय कार्यक्रम निर्धारित किया गया हैं। आज से जनभागीदारी सप्ताह का शुभारंभ कलेक्टोरेट सभाकक्ष में उपस्थित जिला अधिकारी, विकास खंड और ग्राम स्तर के अधिकारियों के लिये अभिमुखीकरण कार्यक्रम से अभियान की शुरूआत की गई। महूं परियोजना अधिकारी मोहन सोनी द्वारा कलेक्टर सभाकक्ष में जनभागीदारीः सबसे दूर-सबसे पहले अभियान अंतर्गत साप्ताहिक कार्य योजना की विस्तृत जानकारी विभिन्न विभागों के सभी जिला अधिकारियों को प्रदान की गई।

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार इंदौर नगर निगम सहित नगरीय निकायों एवं पंचायतों के लिये फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है। तय कार्यक्रम के अनुसार इच्छुक नागरिक 25 मई 2026 तक निर्धारित केन्द्रों पर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने संबंधी आवेदन दे सकते हैं। साथ ही इस दौरान मतदाता सूची से नाम हटवाने एवं प्रविष्टि में संशोधन के संबंध में भी आवेदन दिए जा सकते हैं।



यह जानकारी आज यहां कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिवम वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई स्टेंडिंग कमेटी की बैठक में दी गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना मालवीय, जनपद अध्यक्ष कान्हा पटेल, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नवजीवन विजय पवार, संयुक्त कलेक्टर एवं सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत श्रीवास्तव भी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि जिले के नगरीय निकायों एवं पंचायतों के निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित नागरिक निर्धारित अवधि में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन अथवा विलोपन संबंधी दावे-आपत्तियां प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने बैठक में आयोग के निर्देशानुसार सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि जिले में पुनरीक्षण का कार्य जारी है। इंदौर नगर निगम तथा नगर परिषद क्षेत्र में दावे-आपत्ति लेने के लिए प्रत्येक वार्ड के एक सुलभ मतदान केन्द्र में व्यवस्था की गई है। इसी तरह जिले के सभी ग्राम पंचायतों में भी इस तरह की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिवम वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि वे संबंधित मतदान केन्द्र पर पहुँचकर मतदाता सूची का अवलोकन करें। मतदाता सूची में नाम नहीं होने पर अपने नाम जुड़वाए, प्रविष्टि में संशोधन होने पर भी आवेदन कर सुधार करवाये, मृत अथवा अन्यत्र चले गए मतदाताओं के नाम विलोपित करने के संबंध में भी आवेदन करें।

# महिला आरक्षकों से छेड़छाड़ करने वाले दो मनचले गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा को लेकर राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने रविवार रात रीजनल पार्क क्षेत्र में गुप्त स्टिंग ऑपरेशन चलाकर दो मनचलों को रंगे हाथों पकड़ लिया। "ऑपरेशन सिक्रेट मिडनाइट" और "ऑपरेशन मजनू" के तहत की गई इस कार्रवाई में महिला पुलिसकर्मियों को सादी वर्दी में मैदान में उतारा गया था।



पुलिस के मुताबिक रीजनल पार्क इलाके से लगातार महिलाओं के साथ छेड़छाड़, सीटी बजाने और फब्तियां कसने की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह और एडिशनल डीसीपी मयंक अवस्थी के निर्देश पर महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इसके बाद अधिकारियों के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसमें महिला पुलिसकर्मियों और सिविल ड्रेस में पुलिस जवानों को शामिल किया गया। रविवार रात करीब 9 से 10 बजे के बीच दो महिला आरक्षकों को आम युवतियों की तरह सादे कपड़ों में रीजनल पार्क क्षेत्र में भेजा गया। उनके पीछे पुलिस की बैकअप टीम भी तैनात रही। जैसे ही महिला आरक्षक पार्क क्षेत्र में पहुंचीं, वहां मौजूद दो युवकों ने सीटी बजाना शुरू कर दिया। आरोपियों ने "हेलो मैडम, आपका नंबर मिलेगा क्या?" जैसे कमेंट भी किए। इसी दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने तुरंत उन्हें रोक लिया और पीछे से मौजूद पुलिस टीम ने दोनों युवकों को घेरकर पकड़ लिया। पूरी कार्रवाई इतनी गोपनीय तरीके से की गई थी कि आरोपियों को इस बात की भनक तक नहीं लगी कि जिन युवतियों पर वे फब्तियां कस रहे हैं, वे महिला पुलिसकर्मी हैं। महज 45 मिनट के भीतर दोनों आरोपी पुलिस के जाल में फंस गए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पकड़े गए दोनों युवकों की उम्र करीब 18 वर्ष है। फिलहाल उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है और उनके आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं से अभद्रता और छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे, ताकि शहर में महिलाओं की सुरक्षा और विश्वास दोनों को मजबूत किया जा सके।

# टैंकर ने मां और दो बच्चों को कुचला, तीनों की मौत

**इंदौर। चंदन नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत धार रोड पर सोमवार सुबह एक अत्यंत दुखद सड़क हादसा सामने आया है। इस भीषण दुर्घटना में एक ही परिवार की महिला और उसके दो मासूम बच्चों की असमय और दर्दनाक मौत हो गई।**



बताया जा रहा है कि परिवार के कुल छह लोग, जिनमें तीन वयस्क और तीन बच्चे शामिल थे, एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर एक पारिवारिक पगड़ी कार्यक्रम में हिस्सा लेने जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक बेहद तेज रफ्तार टैंकर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि दो मासूम बच्चों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल मां ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में अपनी आखिरी सांसें लीं। इस अचानक हुई घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने बिना वक्त गंवाए तुरंत पुलिस को इस हादसे की जानकारी दी। सूचना मिलते ही चंदन नगर पुलिस थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने दोनों मृत बच्चों के शवों को जिला अस्पताल भेजा, जबकि मृत महिला के शव को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के लिए एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया। मृतकों के करीबी परिजन लखन देवड़ा ने हादसे की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि उनका बड़ा बेटा अशोक देवड़ा उम्र तीस वर्ष, बहू अनिता देवड़ा उम्र अट्ठाइस वर्ष, उनके बच्चे वैष्णवी उर्फ वेशू उम्र चार वर्ष, रोहन उम्र दो वर्ष, संतोषी उम्र एक वर्ष और उनका भांजा राजेश सभी एक साथ बाइक पर सवार हुए थे। यह पूरा परिवार औरंगपुरी से देवास जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम बबलू बेसन कांटा फोड़ जाने के लिए निकला था। यह परिवार मूल रूप से देवास जिले के उदयनगर क्षेत्र का निवासी है। कुछ समय पूर्व अनिता के भाई का निधन हो गया था, जिसके बाद आयोजित पगड़ी रस्म और शोक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी लोग सुबह-सुबह घर से निकले थे।

अशोक देवड़ा मुरादपुर औरंगपुरी स्थित ए-वन प्लस डोर प्लाई डोर कंपनी में मजदूरी का काम करता है और अपने पूरे परिवार के साथ वहीं निवास करता है। सफर के दौरान जैसे ही वे धार रोड स्थित हाईलिंक कॉलोनी के सामने पहुंचे, तभी पीछे से आए अनियंत्रित टैंकर ने उनकी मोटरसाइकिल को रौंद दिया। इस भीषण टक्कर के कारण दो साल के रोहन और महज एक साल की संतोषी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, वहीं अनिता की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले एम्बुलेंस में हो गई। चंदन नगर थाना प्रभारी तिलक करोले के मुताबिक इस हादसे में बाइक चालक अशोक देवड़ा, राजेश भूसारिया और चार वर्षीय बालिका वैष्णवी उर्फ वेशू गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका डॉक्टरों की देखरेख में अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

# खजराना क्षेत्र पांच गोदाम जले, करोड़ों का सामान जलकर राख



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** खजराना क्षेत्र के पटेल नगर में एक टेंट हाउस के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि कई किलोमीटर दूर तक धुएं का गुबार दिखाई देता रहा। इस हादसे में पांच गोदाम आग की भेंट चढ़ गए और करोड़ों रुपये का नुकसान हो गया। जिस बस्ती में ये गोदाम स्थित थे, उसके आसपास घनी आबादी होने के कारण क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर दमकल की गाड़ियां पहुंचीं और करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लोकेश सोनी के गोदाम में टेंट का सामान, कपड़े और प्लास्टिक की डेकोरेशन सामग्री रखी हुई थी। इसी वजह से आग तेजी से फैल गई और आसपास के गोदामों को भी अपनी चपेट में ले लिया।

फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आग बुझाने में पचास से ज्यादा टैंकर पानी का इस्तेमाल किया गया। घनी आबादी वाले इलाके में गोदाम होने के कारण दमकल वाहनों को मौके तक पहुंचने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। धुएं के कारण भी आग बुझाने में परेशानी आई। ये गोदाम बेली पटेल और लतीफ पटेल के बताए जा रहे हैं, जिन्हें किराए पर दिया गया था। रहवासियों ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत की है कि खजराना क्षेत्र में बड़ी संख्या में अवैध रूप से गोदाम बनाकर उन्हें किराए पर दिया जा रहा है। करीब आठ माह पहले भी एक इवेंट एजेंसी के गोदाम में आग लगी थी, जिसने आसपास की दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया था।

# पांचवीं मंजिल से गिरे जूनियर डॉक्टर की मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एमजीएम मेडिकल कॉलेज के बॉयज हॉस्टल में रविवार देर रात एक पीजी डॉक्टर की मौत हो गई। डॉक्टर का शव हॉस्टल की पांचवीं मंजिल से गिरने के बाद परिसर में मिला। पुलिस आत्महत्या और हादसा, दोनों पहलुओं से जांच कर रही है।**

रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे एमजीएम बॉयज हॉस्टल परिसर के ब्लॉक नंबर-5 के पास डॉक्टर का शव मिला। घटना के बाद हॉस्टल परिसर में सनसनी फैल गई। डॉ. अमन पटेल (30) मेडिसिन विभाग में फाइनल ईयर के 2023 बैच के पीजी स्टूडेंट थे। कुछ महीनों में उनका पीजी कोर्स पूरा होने वाला था। उन्होंने एमबीबीएस की पढ़ाई जबलपुर से की थी। वह जबलपुर के ही रहने वाले थे। पिता का नाम सुशील पटेल है। सूचना मिलते ही संयोगितागंज पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल से सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या और हादसे दोनों बिंदुओं पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। एमजीएम मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने बताया कि डॉ. अमन पटेल शांत, होनहार और समर्पित छात्र थे। उनके निधन से कॉलेज और चिकित्सा क्षेत्र में शोक का माहौल है। डॉक्टर अमन पटेल के दोस्त डॉक्टर प्रकल्प गुप्ता ने बताया कि अमन मेरा बहुत अच्छा दोस्त था। सुबह ही मुझे घटना के बारे में पता चला तो बहुत दुख हुआ। हम दोनों ने जबलपुर से एमबीबीएस साथ ही किया था। अमन प्रोफेशनली बहुत साउंड और शांत स्वभाव का था। विश्वास नहीं होता कि वह अब इस दुनिया में नहीं है।

# कार में दम घुटने से 4 वर्षीय बच्ची की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जूनी इंदौर थाना क्षेत्र की नंदनवन कॉलोनी में एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां चार साल की मासूम बच्ची की मौत हो गई। वह अपने दादा-दादी और अन्य बच्चों के साथ कार से वर्कशॉप गई थी। वहां से लौटते समय वह कार में ही सो गई थी।**



घर पहुंचने पर सभी लोग कार से उतर गए, लेकिन बच्ची कार में ही सोती रह गई। काफी देर तक नजर नहीं आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। बाद में वह कार में बेसुध हालत में मिली। परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर सोमवार को बच्ची का पोस्टमॉर्टम कराया। प्रारंभिक तौर पर दम घुटने से मौत की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। बच्ची के पिता लोहा कारोबारी है। उनके तीन बच्चे है, दो बेटी और एक छोटा बच्चा है। हाजरा दूसरी नंबर की बेटी थी। मामले में जूनी इंदौर टीआई अनिल गुप्ता ने बताया कि घटना रविवार दोपहर को नंदवन कॉलोनी में हुई। यहां रहने वाले हसन नूर की चार साल के बेटी हाजरा की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि प्राइवेट अस्पताल से सूचना मिली थी। चार साल की बच्ची हाजरा कार में सो गई थी। 12 बजे के करीब बच्ची कार में सो गई थी, जब 3 बजे उसे देखा तो बच्ची बेहोश जैसी हालत में मिली, जिसके बाद उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां डॉक्टरों ने उसकी मौत की पुष्टि कर दी थी। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि परिवार के लोगों के बयान नहीं हो सके है। जो भी लापरवाही सामने आएगी, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# युवक पर किया चाकू से हमला

## घर के बाहर बाइक खड़ी करने को लेकर हुआ विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** युवक पर चाकू से हमला करने का वीडियो सामने आया। इसमें आरोपी युवक पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला करता नजर आ रहा है। आरोपी एक के बाद एक युवक पर कई वार करता दिख रहा है। हमले में युवक को चाकू के चार वार लगे हैं। घायल युवक को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती किया है। इधर, पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। ये घटना रविवार रात को एमआईजी थाना क्षेत्र के देव नगर की है। एमआईजी टीआई सीबी सिंह ने बताया कि



यहां पर रहने वाले अमित बौरासी ने यादव परिवार के घर के बाहर बाइक खड़ी कर दी थी। यहां पर गौतम यादव जो कुलकर्णी भट्टा का रहने वाला है, वह अपनी मां से झगड़ा कर देव नगर में अपने चाचा के घर रहने आ गया था। जब अमित ने यादव परिवार के घर के बाहर बाइक खड़ी कर दी तो गौतम ने उसे मना किया। इस बात पर उनका विवाद हो गया। टीआई सीबी सिंह ने बताया कि उनके बीच में विवाद बढ़ता चला गया। इसके बाद आरोपी गौतम घर से चाकू लाया और अमित पर ताबड़तोड़ एक के बाद एक कई वार कर दिए। घटना में अमित को चाकू के चार वार लगे। दो वार जांघ पर, एक सीने के पास और एक पीठ पर लगा है। घटना के बाद उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में टीआई का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपी पर दो से तीन आपराधिक मामले में दर्ज है।

## 5 हजार पेसा मोबिलाइजर्स की सेवाएं समाप्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में कार्यभारित और आकस्मिक निधि वाले 1.20 लाख कर्मचारियों के रिक्त पदों को डाइंग कैडर घोषित करने के एक सप्ताह बाद राज्य सरकार ने प्रदेशभर में कार्यरत करीब पांच हजार पेसा मोबिलाइजर्स की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। पंचायत राज संचालनालय ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए सभी संबंधित जिलों को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश की 5254 ग्राम पंचायतों में पेसा एक्ट लागू होने के बाद ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने और सरकारी योजनाओं को गांवों तक पहुंचाने के लिए पेसा मोबिलाइजर्स की नियुक्ति की गई थी। हालांकि पहले इनके मानदेय को 4 हजार रुपए से बढ़ाकर 8 हजार रुपए करने की घोषणा पूरी नहीं हो सकी और अब इनकी सेवाएं भी समाप्त कर दी गई हैं। उधर एमपी आउसोर्स, अस्थायी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने कहा है कि अगर पेसा मोबिलाइजर्स को वापस सेवा में नहीं रखा गया और सरकार ने उनकी नौकरी खत्म करने का आदेश निरस्त नहीं किया गया तो इसके लिए आंदोलन किया जाएगा। इस पर रणनीति बनाई जा रही है।

## पूर्व सरपंच को घेरकर की फायरिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी।** जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में सोमवार को विक्रमपुर गांव के पूर्व सरपंच महुम सिंह उर्फ हल्के राजा पर अज्ञात हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गंभीर रूप से घायल पूर्व सरपंच को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, महुम सिंह छतरपुर से अपने गांव विक्रमपुर लौट रहे थे। इसी दौरान इमलिया गांव के पास चार फोर व्हीलर वाहनों में सवार होकर आए हमलावरों ने उन्हें घेर लिया और कई राउंड फायरिंग की। हमले में महुम सिंह को पेट, कमर के नीचे, जांघ और हाथ में गोलियां लगी हैं। उनकी बोलेरो गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई है, जो इमलिया में ही खड़ी है। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

## कॉन्स्टेबल को कनपटी में गोली मारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी।** समान थाना क्षेत्र के गड़रिया मोहल्ले में रविवार देर रात एक कॉन्स्टेबल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मैहर जिले के रामनगर थाने में पदस्थ आरक्षक राकेश कुमार पटेल (35) को उनके दोस्त ने शराब पार्टी में बुलाया था। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और राकेश ने कनपटी पर गोली मार दी। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। आरक्षक राकेश पटेल के 10 साल के बेटे की तबीयत खराब थी, जिसके चलते वे विभाग से छुट्टी लेकर अपने गांव आए थे। रविवार रात वे परिजन से थोड़ी देर में लौटने की बात कहकर घर से निकले थे। इसके बाद वे पड़ोस में रहने वाले दोस्त राकेश तिवारी के घर पहुंचे, जहां दोनों ने शराब पार्टी की।

**गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सल उन्मूलन अभियान में उत्कृष्ट योगदान हेतु**

# डीजीपी, वरिष्ठ अधिकारियों एवं हॉक फोर्स के जवानों को किया सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश को नक्सल मुक्त बनाने में उल्लेखनीय योगदान के लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ स्थित बस्तर के बादल अकादमी में आयोजित "उजर बस्तर" कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा, मध्यप्रदेश पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों एवं हॉक फोर्स के अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्मानित किया।**




मध्यप्रदेश पुलिस को यह सम्मान बालाघाट एवं छत्तीसगढ़ सीमा से लगे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सफल एंटी नक्सल ऑपरेशन्स, प्रभावी अंतरराज्यीय समन्वय, मजबूत खुफिया नेटवर्क, दुर्गम क्षेत्रों में सतत अभियान संचालन तथा सुरक्षा एवं विकास आधारित पुलिसिंग मॉडल को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रदान किया गया। सम्मानित अधिकारियों में पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश कैलाश मकवाणा, विशेष पुलिस महानिदेशक पंकज श्रीवास्तव, पुलिस आयुक्त भोपाल एवं तत्कालीन आईजी बालाघाट ज़ोन संजय कुमार, पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सिंगरौली एवं तत्कालीन कमांडेंट हॉक फोर्स बालाघाट शियाज़ के. एम., पुलिस उपायुक्त भोपाल एवं तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एंटी नक्सल ऑपरेशन बालाघाट आदर्श कांत शुक्लाशामिल रहे।इसके साथ ही हॉक फोर्स के निरीक्षक राम पदम शर्मा, निरीक्षक अतुल शुक्ला, निरीक्षक राजेश धुर्वे तथा सहायक उप निरीक्षक ब्रजेश राजावत को भी उनके साहस, समर्पण एवं सफल ऑपरेशनल भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश पुलिस की हॉक फोर्स एवं एंटी नक्सल ऑपरेशन इकाइयों ने विगत वर्षों में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार रणनीतिक एवं साहसिक अभियान संचालित किए हैं।

इन अभियानों के दौरान नक्सली गतिविधियों एवं उनके नेटवर्क पर प्रभावी प्रहार किया गया, सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त ऑपरेशन संचालित किए गए। जिससे मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र पुलिस के बीच समन्वित कार्रवाई को नई मजबूती मिली। आधुनिक तकनीक, सटीक इंटेलिजेंस एवं कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में निरंतर ऑपरेशन के माध्यम से हॉक फोर्स ने नक्सली संगठनों की गतिविधियों, मूवमेंट एवं लॉजिस्टिक नेटवर्क को कमजोर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन अभियानों के परिणामस्वरूप नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई तथा स्थानीय नागरिकों में विश्वास एवं विकास का वातावरण स्थापित हुआ।

**पारिवारिक कलह के चलते महिला कई महीनों से रह रही थी मायके में...**

# हैवान बना पति! पत्नी के प्राइवेट पार्ट में डाला पाइप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी। मध्यप्रदेश के मऊगंज जिले में एक महिला के साथ हुई अमानवीय घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। शाहपुर थाना क्षेत्र के गौरी गांव में पति ने अपनी पत्नी के साथ क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं। आरोप है कि पहले उसने पत्नी की बेरहमी से पिटाई की और बाद में उसके प्राइवेट पार्ट में पाइप डाल दिया।**

घटना के बाद महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे तत्काल रीवा के संजय गांधी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी हालत गंभीर होने पर आईसीयू में भर्ती किया गया है। डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार आरोपी पति की पहचान शैलेंद्र पटेल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उसकी शादी करीब एक वर्ष पहले हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। पारिवारिक कलह के चलते महिला कई महीनों से मायके में रह रही थी। करीब 10 दिन पहले ही वह ससुराल लौटी थी। इसी दौरान पति और पत्नी के बीच फिर विवाद हुआ और आरोपी ने गुस्से में आकर महिला के साथ बर्बरता की घटना को अंजाम दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

## गर्लफ्रेंड का अंतिम संस्कार करने पहुंचा लिव-इन पार्टनर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** कंपू थाना क्षेत्र स्थित गुढ़ा-गुढ़ी का नाका मुक्तिधाम पर सोमवार को पुलिस की मुस्तैदी से संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला श्मशान की आग में दफन होने से बच गया। यदि पुलिस पांच मिनट भी देर से पहुंचती, तो महिला का अंतिम संस्कार हो चुका होता। बिना किसी रिश्तेदार के अकेले अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे युवक को देखकर लोगों को शक हुआ, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पोस्टमॉर्टम के बाद महिला का शव उसका पति और पिता भिंड ले गए। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, मूल रूप से भिंड की रहने वाली मीनू की शादी वर्ष 2013 में रामानंद चौहान के साथ हुई थी, जिससे उनके दो बच्चे भी हैं। सब कुछ सामान्य चल रहा था, लेकिन इसी बीच मीनू की मुलाकात भिंड के ही एक मेल नर्स योगेश राठौर से हुई। पहली ही मुलाकात में दोनों के बीच प्यार हो गया था। साल 2024 में मीनू अपने पति और दोनों मासूम बच्चों को छोड़कर प्रेमी योगेश के साथ भाग गई थी। इसके बाद से दोनों दिल्ली में लिव-इन-रिलेशन में रह रहे थे।

# दो साल के बच्चे संग जेल में बंद थीं एसडीओपी पूजा पाण्डेय

## 3 करोड़ हवाला लूट कांड में सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के चर्चित सिवनी हवाला कांड में निलंबित एसडीओपी पूजा पाण्डेय को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने नियमित जमानत मंजूर करते हुए महिला होने और छोटे बच्चे के साथ जेल में रहने को महत्वपूर्ण आधार माना। इस फैसले के बाद एक बार फिर बहुचर्चित हवाला डकैती मामला सुर्खियों में आ गया है।





जानकारी अनुसार पूजा पांडे पिछले कई महीनों से न्यायिक हिरासत में थीं और उनका छोटा बच्चा भी उनके साथ जेल में रह रहा था। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने इस मानवीय पहलू को गंभीरता से लिया और उन्हें राहत प्रदान की। इससे पहले पूजा पांडे ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में जमानत के लिए आवेदन किया था, लेकिन वहां से राहत नहीं मिलने के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सोमवार को हुई सुनवाई में अदालत ने कहा कि, आरोपी एक युवा महिला और सिंगल मदर हैं, ऐसे में उन्हें नियमित जमानत दी जाती है। पूरा मामला सिवनी जिले में कथित हवाला रकम की लूट से जुड़ा है। जांच एजेंसियों के अनुसार करीब तीन करोड़ रुपए की हवाला राशि को सुनियोजित तरीके से कब्जे में लिया गया था।

आरोप यह भी लगे कि वारदात में पुलिस की वर्दी, सरकारी वाहन और हथियारों का इस्तेमाल किया गया। मामला सामने आने के बाद प्रदेशभर में हड़कंप मच गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने विशेष जांच दल गठित किया था। जांच के दौरान मोबाइल लोकेशन, सीसीटीवी फुटेज और बैंक ट्रांजैक्शन समेत कई इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जुटाए गए। इसके बाद कई पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अब सुप्रीम कोर्ट से पूजा पांडे को जमानत मिलने के बाद यह मामला फिर चर्चा में आ गया है। हालांकि, केस की जांच और ट्रायल अभी जारी है और आने वाले समय में अदालत में पेश होने वाले साक्ष्य इस बहुचर्चित मामले की दिशा तय करेंगे।

## संपादकीय

### चुनौतियों के बीच भारत-नॉर्वे दोस्ती के बढ़ते कदम

नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत के बाद भारत के साथ आर्थिक संबंधों के लिए इसे एक 'महान दिन' बताया है। इसके साथ ही सीमा-पार आतंकवाद के मुद्दे पर उन्होंने नई दिल्ली के प्रति एकजुटता व्यक्त की है। ये भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत की तरह है। नॉर्वे के प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच मजबूत होती साझेदारी पर जोर दिया है जिसमें खासकर नई 'ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप' के जरिए क्लीन एनर्जी, कार्बन कैप्चर और रिन्यूएबल स्टोरेज पर है। उन्होंने EFTA देशों (नॉर्वे, स्विट्जरलैंड, लिकटेंस्टीन और आइसलैंड) के साथ हाल ही में हुए मुक्त व्यापार समझौते का जिक्र किया और इसे 'बहुत दूरदर्शी' और 'महत्वाकांक्षी' बताया। नॉर्वे के प्रधानमंत्री स्टोरे ने कहा 'भारत में निवेश करने में काफी दिलचस्पी दिखाई गई है जो भारत में रोजगार और लोगों की भलाई के लिए तो अच्छा है ही साथ ही नॉर्वे में रोजगार के लिए भी फायदेमंद है।' उन्होंने भारत की 'युवा आबादी बहुत गतिशील अर्थव्यवस्था' को 100 अरब डॉलर के निवेश के बड़े लक्ष्य को हासिल करने में अहम बताया। उन्होंने यह भी कहा कि नौकरशाही और तकनीकी मानकों जैसी चुनौतियों के बावजूद दोनों देशों के बीच 'मकसद की एकता' बनी हुई है। कारोबार से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने के लिए भारत में एक EFTA डेस्क भी बनाया गया है। नॉर्वे के प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत का समर्थन किया है। पाकिस्तान से प्रशिक्षित आतंकवादियों की तरफ से पहलगाम में किए गए आतंकी हमले के मामले में PM मोदी ने नॉर्वे को उसके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। PM स्टोर ने कहा 'हमें किसी भी तरह के आतंकवाद के खिलाफ बहुत ही कड़ा रुख अपनाना होगा... हम उन देशों और लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हैं जिन्हें आतंकवाद का सामना करना पड़ता है। हमें इसके खिलाफ मिलकर खड़ा होना होगा।' इसके अलावा भारत और नॉर्वे के नेताओं ने जियो पॉलिटिक्स के दूसरे मुद्दों जैसे यूक्रेन और पश्चिम एशिया में चल रहे युद्धों पर चर्चा की। वहीं जब रूस से भारत के ऊर्जा आयात को लेकर सवाल किया गया तो नॉर्वे के प्रधानमंत्री ने रूस से भारत के ऐतिहासिक संबंधों के सम्मान पर जोर दिया। उन्होंने कहा 'भारत एक विशाल देश है जिसकी ऊर्जा आपूर्ति से जुड़ी अपनी जरूरतें हैं... और नॉर्वे एक ऊर्जा निर्यातक देश होने के नाते इस मामले में भूमिका निभा सकता है।' हालांकि उन्होंने मॉस्को पर और ज्यादा 'दबाव' बनाने की बात कही।

**Health is Wealth**

# 4 चीजों को मिलाकर तैयार करें पाउडर, छूमंतर हो जाएगी गैस और ब्लोटिंग





पाचन तंत्र में गड़बड़ी के कारण गैस और ब्लोटिंक की समस्या होती है। वैसे तो ये दोनों ही बेहद आम प्रॉब्लम हैं, लेकिन खासतौर से तब होती है जब पेट में अत्यधिक हवा या गैस जमा हो जाती है। इस तह की दिक्कत होने पर पेट भरा हुआ, कड़ा और सूजा हुआ महसूस होता है। पाचन तंत्र से जुड़ी दो मुख्य वजहों में से एक गैस बनना है। आसान शब्दों में समझे तो खाना पचाने के दौरान बैक्टीरिया द्वारा बनाई गई गैस, और खाना खाते समय हमारे द्वारा निगली गई हवा की वजह से गैस या ब्लोटिंग हो सकती है। इस समस्या से निपटने के लिए लीमा महाजन हार्मोन हेल्थ और वेट लॉस एक्सपर्ट ने एक चूर्ण के बारे में बताया है, जिसे घर पर आसानी से ये बन सकते हैं। सीखिए बनाने का तरीका-

### पाउजर बनाने के लिए क्या चाहिए

इस पाउडर को बनाने के लिए आपको चाहिए सौंफ, मेथी, इलायची और काला नमक।

### कैसे बनाएं पाउडर

पाउडर बनाने के लिए सभी चीजों को एक-एक करके तवे पर हल्का रोस्ट करें। फिर एक ब्लेंडर की मदद से सभी चीजों को मिक्स करके एक पाउडर बना लें।

### कैसे करें पाउडर का सेवन

गैस या ब्लोटिंग से बचने के लिए एक गिलास गुनगुने पानी में एक चम्मच पाउडर मिलाएं और इसे घूंट-घूंट करके पिए। इस पाउडर को खाने से 30 मिनट पहले पीना है।

### पाउडर में इस्तेमाल चीजों के फायदे

#### 1) सौंफ

इसमें एनेथोल होता है, जो आंतों की मांसपेशियों को आराम देता है। गैस और पेट फूलने से राहत देने के साथ ही ये एसिडिटी को संतुलित करता है। सौंफ पेट में पाचक रसों और एंजाइमों के स्राव को बढ़ाती है, जिससे खाना सड़ने के बजाय ठीक से पचता है।

#### 2) मेथी

इसमें गैलेक्टोमैनन यानी घुलनशील फाइबर की भरपूर मात्रा में होता है, जो भूख को नियंत्रित करने में मदद करता है। ये मल त्याग में मदद करता है और कब्ज से बचाता है।

#### 3) इलायची

इसमें सिनेओल जैसे आवश्यक तेल होते हैं, जो पाचन एंजाइमों को उत्तेजित करने में मदद करते हैं और भारीपन को कम करते हैं।

#### 4) काला नमक

काला नमक गैस से राहत देता है और पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है। काले नमक को आयुर्वेद में पाचन के लिए सबसे बेस्ट माना जाता है क्योंकि इसमें प्राकृतिक रूप से कई मिनरल्स और आयरन पाए जाते हैं। इसमें अल्कालाइन गुण होते हैं जो पेट में एसिड के स्तर को संतुलित करते हैं, जिससे खट्टी डकारें और सीने में जलन से राहत मिलती है।



New Delhi

# देशभर में 7 दिन तेज गर्मी, हीटवेव चलेगी, मप्र-राजस्थान समेत 6 राज्यों में पारा 46° पार, यूपी का बांदा 47.6°C, देश में सबसे गर्म

**भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना, (एजेंसी) उत्तर और मध्य भारत के 10 राज्यों में इस हफ्ते तेज गर्मी जारी रहेगी। मौसम विभाग के मुताबिक कई इलाकों में तापमान 45C के करीब और उससे ज्यादा पहुंच चुका है। 24 मई तक सभी राज्यों में हीटवेव का असर रहेगा। रातें भी गर्म रहेंगी।**

सोमवार को उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और महाराष्ट्र में पारा 46C से भी ज्यादा रहा। देश में सबसे गर्म उत्तर प्रदेश का बांदा रहा, यहां तापमान 47.6C रहा। पंजाब के बठिंडा में 47C, महाराष्ट्र के वर्धा में 46.5C, हरियाणा के सिरसा में 46.2C, राजस्थान के चित्तौड़गढ़-पिलानी में 46.2C



तापमान रहा। निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक पूर्वोत्तर और दक्षिणी इलाकों को छोड़कर लगभग आधे देश में हीटवेव का असर रहेगा। औसत तापमान 45C तक रह सकता है।

**अगले दो दिन के मौसम का हाल- 20 मईः** राजस्थान के 19 जिलों में, यूपी के 33 जिलों और पंजाब के 10 जिलों में हीटवेव का अलर्ट। झारखंड में बारिश का ऑरेंज अलर्ट। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं। **21 मईः** राजस्थान में गंभीर हीटवेव का अलर्ट है। रातें भी गर्म रहेंगी। छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में भी हीटवेव चलेगी। असम, मेघालय, केरल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, कर्नाटक और तमिलनाडु में भारी बारिश का अनुमान है।

Bihar

# दरभंगा में सनकी पति ने खेला खूनी खेल, पत्नी समेत तीन बच्चों को मार डाला



**दरभंगा, (एजेंसी)** बिहार के दरभंगा में 4 लोगों की हत्या हो गई है। बताया जा रहा है कि यहां एक युवक ने अपनी पत्नी और तीन बच्चों की हत्या कर दी है। मंगलवार की सुबह पतौर थाना क्षेत्र के चंदनपट्टी में इस जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद सनकी पति ने इस खौफनाक हत्याकांड को अंजाम दिया है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में यह भी कहा जा रहा है कि यह परिवार बंगाल से आकर यहां एक किराये के मकान में रह रहा था।

आरोपी पति के बार में यह भी बताया जा रहा है कि पत्नी और तीन बच्चों की हत्या के बाद उसने खुद को भी जख्मी कर लिया है। फिलहाल डीएमसीएच में उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। आशंका जताई जा रही है कि पूरी तरह से पारिवारिक विवाद में ही इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया है।

मृत पत्नी की पहचान बंगाल के दालकोला जिले के कुंडी थाना क्षेत्र के निवासी संदीप दास की पत्नी फूल कुमारी दास (30) और बच्चे हृदय दास (7), संध्या दास (6) और पांच वर्षीय मासूम सोन दास के रूप में हुई है। बताया जाता है कि जख्मी युवक परिवार सहित चंदनपट्टी स्थित एक मुर्गा फार्म में मजदूरी करता है। मृत बच्चों के मामा मंगू दास ने बताया कि किसी बात को लेकर पति-पति में अहले-सुबह विवाद हुआ।

Paschim bangal

# 'डिटेक्शन के बाद हुआ डिलीशन अब डिपोर्ट करने का समय'

## अवैध प्रवासियों पर बोले सीएम शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल से कथित अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने का अपना इरादा साफ करते हुए, मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को कहा कि वोटर लिस्ट से डिटेक्शन और डिलीशन का काम पहले ही हो चुका है और डिपोर्टेशन जल्द ही शुरू होगा. उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार ने जनगणना की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार ने देरी की थी.

शुभेंधु अधिकारी ने कहा, 'पहले हमने वोटर लिस्ट में अवैध निवासियों का पता लगाया, फिर हमने उन्हें लिस्ट से हटा दिया और अब उन्हें देश से निकालने का समय आ गया है.' हालांकि, उन्होंने इसके लिए कोई समय-सीमा नहीं बताई. मुख्यंत्री शुभेंदु अधिकारी ने आगे कहा, 'मैं डरने वाला आदमी नही हूं, झुकने वाला आदमी नही हूं, डराने का काम करने का कोई जरुरत नही है. बीजेपी ने जो कमिटमेंट दिया है, वो पूरा करने का काम बीजेपी का सीएम करेगा. राष्ट्र प्रथम है, देश को सुरक्षित रखने का काम बीजेपी करेगी.

New Delhi

# दिल्ली में टैक्सी ड्राइवरों का हल्ला बोल 21 मई से 3 दिनों की हड़ताल का ऐलान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** ईंधन बढ़ते दामों के बीच दिल्ली के टैक्सी और ऑटो चालकों ने फेयर (किराया) बढ़ाने की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है. दिल्ली के कमर्शियल वाहन चालकों की विभिन्न यूनियनों ने 21 से 23 मई तक तीन दिन की हड़ताल का ऐलान किया है. ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने सोमवार को दिल्ली के उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर अपनी मांगें रखी हैं.

समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार चालक शक्ति यूनियन के उपाध्यक्ष अनुज कुमार राठौर ने कहा, 'सीएनजी, पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों के कारण मिडिल क्लास के चालक अपने परिवारों का भरण-पोषण करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं. इसलिए दिल्ली के अन्य संगठनों के समन्वय से 'चालक शक्ति यूनियन' ने 21,



22 और 23 मई को चक्का जाम (हड़ताल) का आह्वान किया है और लोगों से इन दिनों वाहन न चलाने की अपील की है.'

दिल्ली में टैक्सी, ऑटो और अन्य कमर्शियल वाहनों के चालक लंबे वक्त से फेयर हाइक (किराया बढ़ोतरी) की मांग कर रहे थे. ईंधन की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी के बाद यह मांग और तेज हो गई है.

खेल

# चेन्नई को हराकर प्लेऑफ में पहुंची हैदराबाद गुजरात टाइटन्स का टिकट भी हुआ कन्फर्म

**चेन्नई, (एजेंसी) इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 के मैच नंबर-63 में सोमवार (18 मई) को चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) का सामना सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) से हुआ. चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने पांच विकेट से जीत हासिल की. चेन्नई सुपर किंग्स ने हैदराबाद को जीत के लिए 181 रनों का टारगेट दिया था, जिसे उसने 19 ओवर में हासिल कर लिया. इस जीत के साथ ही सनराइजर्स हैदराबाद प्लेऑफ में पहुंच गई. वहीं चेन्नई सुपर किंग्स के लिए समीकरण गड़बड़ा गया है.**

सनराइजर्स हैदराबाद की जीत के चलते गुजरात टाइटन्स का भी प्लेऑफ स्पॉट पक्का हो गया. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पहले ही प्लेऑफ में जगह बना चुकी है. मौजूदा सीजन मौं सनराइजर्स



हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा है. सनराइजर्स हैदराबाद ने 13 मैच खेलकर 8 में जीत हासिल की है और उसके 16 अंक हैं. दूसरी ओर चेन्नई सुपर किंग्स ने 13 मैचों में से 6 में जीत दर्ज की. चेन्नई सुपर किंग्स के 12 पॉइंट्स हैं.

रनचेज में सनराइजर्स हैदराबाद की शुरुआत अच्छी नहीं रही. ट्रेविस हेड सिर्फ 6 रन बना पाए और वो पारी के दूसरे ओवर में मुकेश चौधरी की गेंद पर आउट हुए. अभिषेक शर्मा (26 रन) लय में दिख रहे थे, लेकिन अकील हुसैन की फिरकी ने उनका काम खत्म कर दिया. इसके बाद ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन ने तीसरे विकेट के लिए 75 रनों की साझेदारी कर हैदराबाद को संभाला.

हेनरिक क्लासेन ने 26 गेंदों पर 47 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और 2 छक्के शामिल रहे. क्लासने का विकेट नूर अहमद ने चटकाया. क्लासेन के आउट होने के बाद ईशान किशन ने पूरी जिम्मेदारी ली और टीम को जीत के करीब ले गए. ईशान किशन ने 47 गेंदों का सामना करते हुए 70 रन बनाए. इस दौरान ईशान ने 7 चौके और तीन छक्के लगाए. नीतीश रेड्डी कुछ खास नहीं कर पाए और केवल 11 रन बना सके. सलिल अरोड़ा (10* रन) और स्मरण रविचंद्रन (5* रन) ने इनिंग्स को फिनिशिंग टच प्रदान किया.

चेन्नई सुपर किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए सात विकेट पर 180 रन बनाए. चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत कुछ खास नहीं रही. पैट कमिंस ने संजू सैमसन को 27 रनों के निजी स्कोर पर पवेलियन भेजा. उर्विल पटेल कुछ खास नहीं कर सके और साकिब हुसैन ने उनका विकेट झटका. कार्तिक शर्मा में लय में दिख रहे थे, लेकिन वो अपनी इनिंग्स को ज्यादा बड़ी नहीं कर सके. कार्तिक ने 19 गेंदों पर 32 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और दो छक्के शामिल रहे. कार्तिक को भी कमिंस ने चलता किया.

सिनेमा

# थलपति विजय को मुख्यमंत्री बनते ही मिला खास तोहफा, गाड़ी की नंबर प्लेट और CM की फोटो, मिलने आए वेंकट




तमिल सुपरस्टार थलपति विजय 2026 में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बन गए हैं, लेकिन उनकी यह जीत वर्षों की मेहनत का नतीजा है। फिल्मों में राजनीतिक रोल्स से लेकर एक नायक के रूप में सामाजिक अन्याय के खिलाफ लड़ाई तक, उन्होंने सब कुछ किया है। उनकी 2024 में आई फिल्म 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' इस भूमिका के लिए उनका सबसे बड़ा उदाहरण है। और अब, फिल्म के डायरेक्टर वेंकट प्रभु ने एक्टर-राजनेता के लिए एक प्यारा सा तोहफा दिया है। सोमवार को वेंकट थलपति विजय से मिलने गए और उन्हें एक खास तोहफा दिया। एक्टर की चुनाव जीत के बाद, कई लोगों ने फिल्म निर्माता को बताया कि यह जीत उनकी अपनी इच्छा थी। फिल्म 'द गोट' में विजय के किरदार की गाड़ी की नंबर प्लेट पर 'TN 07 CM 2026' लिखा है। अब जब यह सच हो गया है, तो वेंकट ने उस नंबर प्लेट को फ्रेम करवाकर विजय को गिफ्ट में दिया। काले, भूरे और तांबे के रंगों वाले फ्रेम में फिल्म की नंबर प्लेट विजय की पार्टी के पीले और लाल रंगों के बैकग्राउंड पर छपी है। नीचे विजय की एक तस्वीर है जिसमें वह वेंकट को मुट्ठी से इशारा कर रहे हैं और उस पर फिल्म का नाम लिखा है। एक सुनहरी प्लेट पर लिखा हैः 'वीपी और टीम की पहली इच्छा'। मुख्यमंत्री और निर्देशक दोनों मुस्कुराते हुए इसके साथ तस्वीरें खिंचवाते नजर आए।

## Highlights

1. **MEA slams 'ignorant NGO reports' in Oslo, says 'People have no understanding of India'**
2. **He is a wolf in sheep's clothing: Twisha Sharma's father on her husband after her death**
3. **APK cyber fraud cases surge sharply across Karnataka**
4. **Petrol and diesel prices hiked by up to ₹0.91/litre, record second jump in a week**
5. **Congress yet to make Rahul Mamkootathil's status clear**

# Who is Salesforce CEO Marc Benioff who said he will not hire any more engineers?

**NEW DELHI, (Agency).** Marc Benioff, the co-founder, chairman, and chief executive officer (CEO) of Salesforce has drawn focus in the global technology industry after saying the company would not hire additional engineers because of the growing use of artificial intelligence (AI).

Benioff, one of the most influential names in the software industry, founded Salesforce in 1999 and played a key role in pioneering the cloud-computing revolution. Under his leadership, the company grew from a startup into one of the world's largest enterprise software firms, best known for its customer relationship management (CRM) platform and AI-driven business solutions.

According to Salesforce's annual report, Benioff has long advocated for AI-powered business transformation and workplace automation. His recent remarks on the future



of engineering jobs have reignited discussions around the impact of AI on the tech workforce.

Why Benioff won't hire engineers

In an interview with TBPN, Benioff said Salesforce did not hire more engineers in fiscal year 2026 because the company is increasingly relying on AI-powered coding agents to handle engineering tasks. According to him, AI tools have provided the company with the additional capacity it needs, reducing the immediate requirement to expand engineering teams.

"We're not hiring more engineers in fiscal year 2026 because I'm using coding agents," Benioff said during the interview, according to a report by The Times of India.

Benioff added that AI technologies have boosted Salesforce's engineering productivity by nearly 30%, reducing the need to aggressively hire software engineers.

However, the Salesforce chief later clarified that AI has not completely replaced human engineers.

# India's 1st Semi-High Speed Rail Corridor Will Have Trains Running At 180 Kmph Speed

**Mangaluru, (Agency).** The Delhi-Meerut RRTS corridor is being developed by the National Capital Region Transport Corporation (NCRTC) and is expected to significantly reduce travel time between the two cities. The semi-high-speed rail system will operate at a design speed of 180 kmph, with operational speeds reaching up to 160 kmph.

According to project details, the rail corridor will reduce travel time between Delhi and Meerut to less than one hour. The total length of the corridor is approximately 82 kilometres.

The corridor includes multiple



stations across Delhi, Ghaziabad, and Meerut, aimed at supporting daily commuters travelling between residential and commercial hubs in the NCR region.

India's First Regional Rapid Transit System

The Delhi-Meerut project is India's first Regional Rapid Transit System corridor. The RRTS network is planned as a high-speed commuter rail system designed to connect major NCR cities through dedicated semi-high-speed rail infrastructure.

Unlike conventional metro systems, RRTS trains are designed for longer intercity travel with higher operational speeds, fewer stops, and larger passenger capacity.

Project Cost And Infrastructure

Reports said the estimated project cost exceeds ₹30,000 crore. The corridor includes elevated, underground, and at-grade sections along with dedicated depots and advanced signalling systems.

# अतिवृष्टि एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सभी विभागों को दिए आवश्यक निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में अतिवृष्टि एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए मानसून पूर्व तैयारियों के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम, पुलिस, होमगार्ड, एसडीआरएफ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, रोशन राय, रिंकेश वैश्य भी शामिल रहे।

बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने मानसून पूर्व तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए गए निर्देशों के अनुरूप सभी विभाग तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री वर्मा ने नगर निगम को निर्देशित किया कि सभी नालों, चैनलों, तालाबों के



आसपास तथा जलभराव वाले स्थलों की साफ-सफाई समय रहते पूरी कर ली जाए। साथ ही स्टॉर्म वॉटर लाइन एवं ड्रेनेज सिस्टम की सफाई भी प्राथमिकता से की जाए, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति निर्मित न हो।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिया विहीन सड़कों एवं जलभराव संभावित स्थलों पर चेतावनी संकेतक लगाए जाएं तथा वहां कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। बैठक में एसडीआरएफ एवं होमगार्ड दलों को राहत एवं बचाव कार्यों के लिए पूर्ण संसाधनों के साथ तैयार रहने के निर्देश दिए गए। साथ ही वालंटियर्स की ट्रेनिंग, मॉक ड्रिल एवं रेस्क्यू अभ्यास नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि पिछले वर्ष चिन्हित किए गए जलभराव वाले स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा आवश्यकता अनुसार नए संवेदनशील स्थलों को भी चिन्हित किया जाए। उन्होंने बताया कि पूर्व में गठित विशेष टीमें भी इस वर्ष सक्रिय रहेंगी।

बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने सड़क निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि वर्षा पूर्व सभी आवश्यक पैचवर्क, डामरीकरण एवं सड़क मरम्मत कार्य पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि बारिश के दौरान गड्ढों एवं जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। इन कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग एवं फॉलोअप भी किया जाएगा। बैठक में राहत स्थलों की समीक्षा भी की गई। निर्देश दिए गए कि आवश्यकता पड़ने पर राहत शिविर तत्काल प्रारंभ किए जा सकें, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जाएं। इसके अलावा पिकनिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखने, पुल-पुलियों पर संकेतक लगाने, बाढ़ की स्थिति में सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने, खदान एवं ईंट भट्ठों में बैरिकेडिंग कराने तथा मानसून के दौरान विद्युत आपूर्ति सतत बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में पशुपालन विभाग को शिविर लगाकर पशुओं के टीकाकरण अभियान संचालित करने के निर्देश भी दिए गए।

# कर्बला के पास लगी भीषण आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर के खजराना थाना क्षेत्र से एक बेहद गंभीर हादसे की खबर सामने आई है। यहां कर्बला मैदान के समीप स्थित एक टेंट हाउस के बड़े गोदाम में सोमवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज और भयानक थीं कि कुछ ही समय में आसमान में काले धुएं का एक विशाल गुबार छा गया, जो कई किलोमीटर दूर से ही साफ तौर पर दिखाई दे रहा था। इस भयावह घटना को देखकर आस-पास के इलाके के लोगों में दहशत और हड़कंप मच गया। स्थानीय नागरिकों द्वारा घटना की जानकारी तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। सूचना प्राप्त होते ही फायर ब्रिगेड की टीम बिना समय गंवाए तत्काल दुर्घटनास्थल पर पहुंची और बिना किसी देरी के आग पर काबू पाने की मशक्कत में जुट गई।**

फायर ब्रिगेड के वरिष्ठ अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक टेंट हाउस के गोदाम में आग लगने के कुछ ही मिनटों के भीतर स्थिति बेहद विकराल हो गई थी। आग की गंभीरता को देखते हुए एक के बाद एक कुल चार दमकल गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गईं और चारों तरफ से घेराबंदी कर आग बुझाने की मुख्य कार्रवाई शुरू की गई। प्रत्यक्षदर्शियों और सूत्रों के अनुसार इस विशाल गोदाम के भीतर शादी-विवाह और अन्य मांगलिक आयोजनों में इस्तेमाल होने वाला भारी मात्रा में डेकोरेशन का सामान, कपड़े, मैट और टेंट से संबंधित ज्वलनशील सामग्रियां रखी हुई थीं। गोदाम का क्षेत्रफल बहुत बड़ा होने के कारण और भीतर सूखे सामान की मौजूदगी की वजह से आग बहुत तेजी से फैलती चली गई और उसने देखते ही देखते पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक